कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

प्रकरण संख्या 30/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री पवन गिर पुत्र श्री साहबराम पुत्र धोंकलगिर जाति गुंसाई साकिन पण्डितावाली, तहसील पीलीबंगा जिला हनुमनगढ़।

––अपीलार्थी

बनाम

तहसीलदार(राजस्व), पीलीबंगा।

––प्रत्यर्थी

आदेश दिनांकः–04.07.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत तहसीलदार(राजस्व), पीलीबंगा के संबंध में प्राप्त हुई।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार अपीलार्थी को तहसीलदार(राजस्व), पीलीबंगा से बिन्दु संख्या 1 से 9 के सम्बन्ध में सूचना चाहे जाने पर तहसीलदार(राजस्व), पीलीबंगा द्वारा कोई सूचना नहीं दिये जाने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार(राजस्व), पीलीबंगा से अपील में कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। अतः अपीलार्थी की अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत स्वीकार की जाती है। तहसीलदार(राजस्व), पीलीबंगा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलार्थी को उसके आवेदन पत्र दिनांक 02.04.2019 के अनुसार, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना नियमानुसार आदेश प्राप्त होने के पश्चात 10 दिन में उपलब्ध करवाई जावे। आदेश की प्रति दोनो पक्षों को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ

Web Copy Not Official